भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4254
उत्तर देने की तारीख 26 मार्च, 2025

छत्तीसगढ़ में मोबाइल नेटवर्क में सुधार

4254. श्री बृजमोहन अग्रवालः

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार छत्तीसगढ़ के ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट कनेक्टिविटी में सुधार के लिए कोई विशेष योजना लागू कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार छत्तीसगढ़ में 5जी नेटवर्क के विस्तार को प्राथमिकता दे रही है और यदि हां, तो उन क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है जहां अब तक यह सेवा उपलब्ध कराई गई है;
(ग) क्या सरकार छत्तीसगढ़ में नये डाकघर खोलने अथवा डाक सेवाओं को डिजिटल बनाने के लिए कोई योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) छत्तीसगढ़ में, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में बीएसएनएल सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं; और
(ङ) क्या सरकार का विचार ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर वित्तीय सेवाएं प्रदान करने के लिए छत्तीसगढ़ में डाकघर बैंकिंग सेवाओं का विस्तार करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) से (ख) छत्तीसगढ़ के 20,072 गांवों (भारत के महारजिस्ट्रार के आंकड़ों के अनुसार) में से 19,123 गांवों में मोबाइल कनेक्टिविटी उपलब्ध हैं।

फरवरी 2025 की स्थिति के अनुसार छत्तीसगढ़ के 33 जिलों में 6,644 5जी बेस ट्रांसीवर स्टेशन (बीटीएस) संस्थापित किए गए हैं। छत्तीसगढ़ में संस्थापित 5जी बीटीएस का जिले-वार ब्यौरा **अनुलग्नक** में दिया गया है।

सरकार छत्तीसगढ़ सहित देश के ग्रामीण, जनजातीय और सुदूरवर्ती क्षेत्रों में 4जी मोबाइल टावरों की संस्थापना के माध्यम से दूरसंचार कनेक्टिविटी के विस्तार के लिए डिजिटल भारत निधि (डीबीएन) के तहत विभिन्न स्कीमों को कार्यान्वित कर रही है। फरवरी 2025 की स्थिति के अनुसार छत्तीसगढ़ में डीबीएन से वित्तपोषित मोबाइल स्कीमों के तहत 1,341 टावर चालू किए जा चुके हैं जिससे 1,461 गांवों को 4जी मोबाइल कवरेज मिल रहा है।

(ग) नए डाकघर निर्धारित मानदंडों के अनुसार खोले जाते हैं और यह एक सतत प्रक्रिया है। छत्तीसगढ़ सर्किल में डाक सुविधाओं और अन्य सेवाओं तक पहुँच उपलब्ध करने के लिए पिछले 5 वर्षों में 573 डाकघर खोले गए हैं। आईटी 2.0 के तहत देश के ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत शाखा डाकघरों को ऑनलाइन डाक, वित्तीय और बीमा लेनदेन करने के लिए मोबाइल डिवाइस उपलब्ध कराए गए हैं। पार्सल सेवाओं के संबंध, में डिलीवरी प्रक्रिया को बेहतर बनाने और वास्तविक समय पर ट्रैकिंग का प्रावधान करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में ट्रैक और ट्रेस लागू किया गया है।

(घ) बीएसएनएल छत्तीसगढ़ में मोबाइल सेवाओं में सुधार के लिए चरण IX.2 परियोजना, 4जी सैचुरेशन परियोजना और एलडब्ल्यूई चरण-I उन्नयन परियोजनाओं को क्रियान्वित कर रहा है। दिनांक 28.02.2025 की स्थिति के अनुसार छत्तीसगढ़ में उपर्युक्त परियोजनाओं में बीएसएनएल द्वारा कुल 2909 4जी साइटें चालू की गई हैं।

(ङ) डाक विभाग इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) के माध्यम से पहले से ही छत्तीसगढ़ में 4,469 डाकघरों के द्वारा बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है और अपने डाकघरों को बैंकिंग एक्सेस केन्द्र में परिवर्तित कर दिया है। आईपीपीबी बचत और चालू खाते, वर्चुअल डेबिट कार्ड, इंटरनेट और मोबाइल बैंकिंग, घरेलू धनराशि अंतरण सेवाएं, बिल और सुविधा भुगतान, आईपीपीबी उपभोक्ताओं के लिए बीमा सेवाएं, डाकघर बचत स्कीमों के लिए ऑनलाइन भुगतान, ईकेवाईसी, आधार सक्षम भुगतान प्रणाली (एईपीएस) जैसी कई सेवाएं और उत्पाद उपलब्ध करा रहा है। इसके अलावा डाक विभाग वित्त मंत्रालय की ओर से लघु बचत स्कीमें भी संचालित करता है जो छत्तीसगढ़ राज्य में भी संचालित हैं।

*****

अनुलग्नक

लोक सभा में माननीय संसद सदस्य द्वारा "छत्तीसगढ़ में मोबाइल नेटवर्क में सुधार" के संबंध में पूछे गए अतारांकित प्रश्न संख्या 4254 के भाग (क) से (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

छत्तीसगढ़ में 5जी बेस ट्रांसीवर स्टेशनों (बीटीएस) का जिले-वार ब्यौरा:

क्र. सं.	जिले का नाम	5जी बीटीएस की संख्या
1	बालोद	88
2	बलौदा बाजार	179
3	बलरामपुर	114
4	बस्तर	209
5	बेमेतरा	116
6	बीजापुर	70
7	बिलासपुर	637
8	दंतेवाड़ा	56
9	धमतारी	171
10	दुर्ग	721
11	गरियाबंद	74
12	गौरेला पेंड्रा मरवाही	42
13	जांजगीर-चंपा	254
14	जशपुर	184
15	कबीरधाम	160
16	कांकेर	151
17	खैरागढ़-छुईखदान-गंडई	33
18	कोंडागांव	88
19	कोरबा	409
20	कोरिया	80
21	महासमुंद	204
22	मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर	66
23	मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी	29
24	मुंगेली	96
25	नारायणपुर	26
26	रायगढ़	381
27	रायपुर	1152
28	राजनंदगांव	214
29	सक्ती	154
30	सारंगढ़-बिलाईगढ़	138
31	सुकमा	42
32	सूरजपुर	135
33	सरगुजा	171